कार्यवाही | 610 पेटी अंग्रेजी देशी शराब 85 हजार रुपए नगद तथा फ्रिज सीसीटीवी कैमरे एवं इन्वेंटर जलकर राख

महिलाओं ने शराब दुकान में लगाई आग

नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। विगत दिनों तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीकोर में एक शासकीय कंपोजिट शराब दुकान में बड़ी संख्या में पहुंचीं गांव की ही महिलाओं ने आग लगा दी। जिसमें लगभग 610 पेटी अंग्रेजी देशी शराब 85 हजार रुपए नगद तथा फ्रिज सीसीटीवी कैमरे एवं इन्वेंटर जलकर राख हो गये हैं। शाम को लगभग पांच बजे के बाद शराब दुकान में आग लगने की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाई वहीं शराब दुकान के गद्दीदार ने अपने

अन्य साथियों के साथ तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसकी पुलिस सूक्ष्मता से जांच करते हुए विवेचना में जुटी है।

नशे के विरुद्ध की सख्त कार्यवाही

नरसिंहपुर। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध गतिविधियों एवं संगठित अपराधों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, अवैध कारोबार करने वालों एवं गुंडे-बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। थाना स्टेशनगंज पुलिस की गिरफ्त में अवैध मादक पदार्थ स्मैक का कारोबारी आरोपी सलमान खान निवासी मगरधा, थाना स्टेशनगंज जप्ती लगभग 72 हजार मूल्य की 7.20 ग्राम स्मैक वैधानिक कार्यवाही आरोपी के विरूद्ध धारा 8 (ए) (सी) ,21 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

36 पेटी शराब कुल 329 बल्क लीटर शराब जप्त

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विगत दिवस रात्रि में जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक, ऋषिकेश मीना के निर्देश पर वाहन चैकिंग लगायी गयी थी। थाना गाडरवारा पुलिस की प्रभावी कार्यवाही सर्विंग अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही की गयी जिस पर पुलिस टीम को सांईखेड़ा तरफ से आकर आमगांव नाका गाडरवारा होते हुए शक्कर नदी पुल पार करेली तरफ जाते हुए एक संदिग्ध स्कॉर्पियों जो कौडिया के पास पलट गयी थी जिसकी तलाशी लेने पर जप्त अवैध शराब की मात्रा:- देशी देशी मसाला एवं प्लेन शराब की कुल 36 पेटी शराब कुल 329 बल्क लीटर शराब कीमती लगभग 2 लाख 13 हजार रूपये। जप्त तस्करी में प्रयुक्त वाहन:- एक स्कॉर्पियो वाहन एमपी 49 सी 2568 । वैधानिक कार्यवाही वाहन चालक एवं वाहन स्वामी अकलेश परते निवासी खुरसीपार, उमरिया, धाना गोटेगांव के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम 281 बीएनएस 184 एम व्ही. एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

कार्यवाही में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में अति. पुलिस अधीक्षक, संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गाडरवारा, रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक विक्रम रजक, उप निरी अमित गोटिया, अर्जुन सिंह बघेल, सउनि राजेश शर्मा, आरक्षक मोहन चौरे, रुपेन्द्र चौबे, सुजीत बागरी, बालकृष्णा रघुवंशी, ऐश्वर्य वेंकट, शिवम पटेल, कृष्णकांत गोपाले, अक्षय श्रीवास्तव देवेन्द्र सोनवंशी, महेन्द्र वावरिया हरिशंकर की सराहनीय भूमिका रही है।

सुचारू क्रियान्वयन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

नरसिंहपुर। राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी पत्र के परिपालन में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने जिले में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का आदेश जारी किए है। यह नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट के जिला आपूर्ति कार्यालय के द्वितीय तल कमरा नंबर 87 में स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर शिवकुमार पांडेय का मोबाइल नंबर 6263475673, कम्प्यूटर ऑपरेटर सौरभ राय का मोबाइल नंबर 7999303662, कम्प्यूटर ऑपरेटर विनोद जैन का मोबाइल नंबर 9340226174 और कम्प्यूटर , की ड्यूटी लगाई गई है।

कुशवाहा भवन के पास से अतिक्रमण हटाने की मांग

सांईखेड़ा। कुछ लोगों द्वारा कुशवाहा भवन के पास हरी नेट लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। नगर परिषद साईखेडा के बार्ड कमांक 09 मै शासन द्वारा बिधायक निधि से नगर परिषद को कुशवाहा को भवन हेतु 5 लाख रुपये राशि आंबटित कर भवन निमार्ण करवाया था जिसके आसपास कुछ भमि खाली पडी है. जिसको कुछ लोगों द्वारा उसमें अतिक्रमण किया जा रहा है: जब इस बात की जानकारी कुशवाहा समाज के सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेन्द्र सिंह पटैल, ओमप्रकाश पटेल लखन पटैल, मुनीलाल पटेल और अन्य कुशवाहा समाज के लोगों को लगी तो उन्होंने नायब तहसीलदार और सी एम ओ को लिखित मै अतिकमण शिकायत की तब जाकर तहसीलदार के आदेश पर बालमुकुंद मेहरा पटवारी और कोटवार द्वारा भूमि का मुआयना किया और तहसीलदार को जानकारी दी. उन्होंने शीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उर्पाजन समिति गठित

नरसिंहपुर। राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी पत्र के परिपालन में खरीफ विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू सम्पादन के लिए कलेक्टर ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया है। समिति में जिला लीड बैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन, जिला विपणन अधिकारी (मार्कफेड), जिला प्रबंधक (नोडल) मप्र वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन, अधीक्षक भू- अभिलेख और सचिव (नोडल) कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर सदस्य होंगे।

222 गांवों में 10 ग्राम सेवक एक के पास 30 गांवों के प्रभार

तेंदूखेड़ा। एक तरफ जहां शासन द्वारा किसानों की समस्यायों के निराकरण की दिशा में काफी संवेदनशील बनीं हुई है। वहीं तरह तरह की योजनाओं के माध्यम से किसानी को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में प्रयास जारी है। लेकिन दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के यह हालात बनें हुए हैं कि संपूर्ण विकास खंड के अंतर्गत आने वाले 222 गांवों के लिए जहां 18 ग्राम सेवकों की जरुरत है वहां मात्र 10 ही ग्राम सेवक है। इनमें से कुछ ग्राम सेवक रिटायर हो गये हैं।तो कुछ स्थानांतरण हो कर चले गए हैं। इनमें एक वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी और एक बाबू ही तैनात है। जबकि कार्यालय में भृत्य तक नहीं है। स्तिथि यह बनीं हुई है कि स्वयं बाबू को आकर झाड़ू लगाना पड़ता है। कुछ समय बाद वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी की भी शासकीय सेवायें पूर्ण होने वाली है। उनके बाद एक अधिकारी और कम हो जायेगा।ऐसी स्थिति में ग्राम सेवक प्रत्येक गांव में नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने मांग की है कि शीघ्र ही उनके गांवों में ग्राम सेवकों की व्यवस्था की जाये।

तेंदूखेड़ा में नहीं है कृषि विभाग का कार्यालय

सबसे बड़ी विडम्बना यहां पर यह बनीं हुई है कि तहसील मुख्यालय पर कृषि विभाग का एक भी कार्यालय नहीं है।

गाडरवारा माई की महापंचायत का हुआ आयोजन

गाडरवारा। नवरात्रि का पावन पर्व कुछ दिनों में आने वाला है।दुर्गा उत्सव समिति को होने वाली छोटी मोटी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन द्वारा हर वर्ष होने वाली शांति समिति की बैठक में रखी जाती है लेकिन कुछ वर्षों से देख जा रहा है कि वह बैठक सिर्फ औपचारिकता में सिमट जाती है। और दुर्गा उत्सव समिति की परेशानी जहां के तहां बनी रहती है इन्हीं सभी बातों को ध्यान में रखते हुए माई की महापंचायत नामक एक मंच बनाया गया। जिसके माध्यम से भगवती के स्थापना से लेकर भव्य विसर्जन शोभायात्रा तक के विभिन्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा परिचर्चा के साथ एक मंच पर एक मत में अपना प्रस्ताव पारित कर प्रशासन को सौंपेगी। इसी क्रम

में गतदिवस शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गणों की उपस्थिति में स्थानीय शक्तिधाम दरबार में माई की महापंचायत मां सिंहवाहिनी की अध्यक्षता में लगाई गई। समस्त दुर्गा उत्सव समिति मां जगतजननी के इस पावन पर्व को अपनी स्वतंत्र के साथ पूर्ण मान मर्यादा में मनाए इसका एक मात्र यह उद्देश्य है। इसी क्रम में माई की महापंचायत का आयोजन शहर की समस्त दुर्गा उत्सव समिति के सैकड़ों पदाधिकारी सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में परिचर्चा हुई। जिसमें समस्त दुर्गा उत्सव समिति माई का विसर्जन दिव्य भाव के अनुरूप साउंड के साथ करेगी। और सकरी सड़कों पर साउंड का वैल्यूल कम रखा जाए ताकि किसी को परेशानी न हो। नवरात्रि के पर्व से लेकर दशहरा तक शहर के विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मांस, मटन और अंडे की दुकान बंद रखी जाएगी। पंडालों से ली जाने वाली विद्युत ञ्जष्ट की राशि में विद्युत विभाग द्वारा विशेष छूट दी जाए। साथ ही विसर्जन वाले रास्तों की विद्युत लाइन ऊंची करने एवं कई डीपी के पास खुली वायरिंग पर कार्य किया जाए। एवं शासन प्रशासन द्वारा दुर्गा पंडालों की साफ सफाई, लाइट से लेकर बेरीकेटिंग सुरक्षा की व्यवस्थित व्यवस्था की जाए। इन प्रमुख समस्याओं पर प्रस्ताव रखा गया। साथ कई समिति की समस्याओं पर विचार हेतु आगामी समय पर छोड़ा गया।

साक्षरता दिवस पर दिलाई गई शपथ

गोटेगांव। समीपवर्ती बरहेटा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर संकुल केंद्र बरहटा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार बक्शी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर संकुल क्षेत्र के समस्त सामाजिक चेतना केंद्रों में एक साथ साक्षरता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में साक्षरता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना और साक्षर भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षार्थियों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीण नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं साक्षरता के प्रचार-प्रसार में योगदान देंगे तथा दूसरों को भी साक्षर बनने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में जनशिक्षक दीपक दुबे तथा संकुल सह समन्वयक साक्षरता कोमल गोस्वामी का सहयोग प्राप्त हुआ।

एक नजर में

विकासखंड स्तरीय मोगली प्रतियोगिता हुई

गाडरवारा। बीते बुधवार चीचली ब्लॉक के जनपद शिक्षा केन्द्र में कनिष्ठ वर्ग की मोगली बाल उत्सव की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सभी आठ जन शिक्षा केंद्र के कनिष्ठ वर्ग के अंतर्गत कक्षा 5 से 8 वीं तक के जन शिक्षा केंद्र स्तर के चयनित विद्यार्थियों सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता संपादन हेतु अरुण दुबे को प्रभारी , सत्यम ताम्रकार, बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी, दिनेश चौरसिया, दिनेश ठाकुर के द्वारा इत्यादि को सहायक कार्य का निर्वहन किया गया । कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में बालक वर्ग में वेदांत कुमार लोधी ने प्रथम स्थान तथा बालिका वर्ग में पुष्पा गोलन्दा ?, माध्यमिक शाला पचामा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान सुनिश्चित किया। बीएसी अरुण दुबे, एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, लेखराम गौतम, खुशबू ब्रिजपुरिया, ज्योति पगारे, रुपाली कुरडे द्वारा चयनित एवं सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भविष्य में सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग की मोगली प्रतियोगिता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में संपादित हुई। जिसमें हाई एवं हायर सेकेंडरी के चयनित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विकासखंड स्तर पर चयनित कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग के चयनित छात्र छात्राएं अब 13 सितंबर को जिला स्तर पर आयोजित मोगली बाल महोत्सव प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। यह मोगली प्रतियोगिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम मरावी के मार्गदर्शन तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल, भूपेश ठाकुर प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के निर्देशन में संपन्न हुई।

ढिलवार में चोरी , दो दिन से वाशिंग पाउडर बेचकर कर रहा था रेकी

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आदिवासी ग्राम ढिलवार में चोरी की घटना घटित हुई है जिसमें सोने चांदी के जेवरात और दो लाख रुपए से अधिक नगदी लेकर तीन लोग फरार बताये जा रहें हैं जबकि इनमें एक चोर को गांव वालों की मदद से मौके पर ही पकड़ लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ढिलवार के प्रतिष्ठित शाह परिवार राजविला निवास पर सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात में चार लोगों ने चोरी की मंशा से धावा बोल दिया चोरी के लिए बाखर में घुसते ही पुराने बड़े दरवाजों को बंद कर लिया था।भीतर बाखर में वरुण शाह अपने परिवार के और छोटे भाई ऊपर वाले हिस्से में सो रहे थे।जब आवाज मिली तो वरुण शाह को आवाज लगाई गई लेकिन प्रतिउत्तर ना मिलने की स्थिति में फोन लगाया वह भी नहीं उठा तो उठकर देखा और जोर से आबाज लगाई तो परिवार के अन्य लोग भी उठकर आ गये इसी बीच दो लोग दीवाल फांदकर भाग निकले इसी बीच दो लोग जो अंदर थे वह भीतर से भागने की कोशिश करते हुए परिवार के ही अजय शाह के ऊपर लंबा पेंचकस नुमा हथियार से हमला कर दिया उन्हें चोट लगी चीख की आवाज सुनते ही और भी लोग पहुंच पाते की तीसरा चोर भागने में सफल हो लेकिन चौथा चोर जो कि बड़े दरबाजे में धक्का देकर भाग ही रहा था कि दरबाजा खुलकर उसके सिर में जा लगा और वह वहीं गिर गया।

पिंड दान कर अपने पूर्वजों का लिया आशीर्वाद

गोटेगांव। पितृपक्ष की शुरुआत हो चुकी है और इन दिनों गया में पिंडदान का महत्व बढ़ जाता है. बिहार के गया का संबंध रामायण और महाभारत काल से जुड़ा हुआ है द्व गया में पिंडदान करने से आत्मा जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाती हैद्व और पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति मिलती है। यहां पर लोग देश-विदेश दुनिया भर से पिंडदान के लिए लोग पहुंचते हैंद्व इसी क्रम में गोटेगांव करकबेल बौछार करेली लिंगा पिपारिया धुवघट सनखड़ा एवं भोपाल निवासी छोटेलाल साहू परमसुख मोती बाई मधुबन साहू राजेश नाथ सुशील योगी धनीराम धना बाई पत्रकार आशीष साहू ने पिंडदान हेतु गयाजी के लिए नरसिंहपुर से 9 लोग रवाना हुए सभी ने सर्वप्रथम तीर्थो का राजा प्रयागराज पहुंचकर टेढ़ी नीम वाले पांडा के सानिध्य में मां गंगाजी को प्रणाम कर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी बनारस पहुंचे जहां सभी लोगों ने

मणिकर्णिका घाट में बनारस वालों के मुल्लन मिश्रा के आचार्यत्व में सभी ने मिलकर हिंदू संस्कृति के अनुसार अपने पूर्वजों को याद कर पूर्ण विधि विधान मंत्रोउच्चारण के साथ पिंडदान किया! उसके पश्चात गयाजी पहुंचकर सभी लोगों ने हाथ जोड़कर सच्चे मन से भगवान से प्रार्थना कर अपने पूर्वजों का पिंडदान श्राद्ध कर अपने पितरों को प्रणाम करने के पश्चात उनसे आशीर्वाद लेकर उन्हें स्वर्ग लोक के लिए विदा किया।

पर्युषण पर्व का क्षमावाणी के साथ हुआ समापन

गाडरवारा। गणेश उत्सव के बीच जैन धर्म के आयोजन भी नगर में उत्साह के साथ संपन्न होते हुये देखे गये। इस तरह दस दिनों तक चले पर्वराज पर्युषण यहाँ श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाये गये। इस अवसर पर प्रतिदिन सुबह मन्दिर विधि सम्पन्न की गई तथा रात में वीर श्री महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये। वही पर्वराज पर्युषण के अंतिम दिन पर्युषण के दौरान उपवास करने बालों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। इस सम्मान में मुख्य रूप से निकी जैन, मन जैन, शिशिर जैन, राहुल जैन, पुरुष वर्ग से शामिल रहे। राशि जैन, रिया जैन, शुभि जैन, कुमारी सोम्या जैन, स्मृति जैन, माया जैन, सोनल जैन, कुमारी साझी जैन, कुमारी आरना परी जैन, आशा जैन महिला वर्ग से शामिल रही। मन्दिर में सन्तों के आगमन के अवसर पर उनकी पूरी व्यवस्था संभालने के

लिये शास्त्री पदम जैन, प्रदीप जैन, साधना जैन, मणि जैन। वही मन्दिर की व्यवस्था को सुचारू रूप से संभालने के लिये मन्दिर के व्यवस्थापक सुरेन्द्र जैन राकेश जैन को सम्मानित किया गया। वही दूसरी ओर अष्टमी चौदस को मन्दिर विधि सम्पन्न कराने हेतु राजकुमार जैन, अखिलेश जैन, संजय सराफ, राहुल जैन, जतिन लकी जैन का भी श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन तथा वीरश्री महिला मंडल की अध्यक्ष भारती जैन ने अपना उदबोधन देते हुये सभी से क्षमा याचना की गई। ततपश्चात श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन एवं श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष ने सामूहिक क्षमावाणी सम्पन्न कराई कार्यक्रम का संचालन श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के सचिव राजीव जैन द्वारा किया गया। पर्वराज पर्युषण अगले दिन वीरश्री महिला मंडल द्वारा 6 घण्टे का संत शिरोमणि तारण तरण मण्डलाचार्य महाराज द्वारा रचित श्री तारण त्रिवेणी के पाठ का आयोजन किया गया।

मां मेकलसुता ग्रुप द्वारा शंकराचार्य का भव्य स्वागत

गोटेगांव। विगत दिवस झांसीघाट पर आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से विशेष रहा। मां मेकलसुता ग्रुप द्वारा अनंत श्री विभूषित, ज्योतिषपीठाधीश्वर, जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। गुरुदेव चातुर्मास महाव्रत पूर्ण कर नगर पहुंचे, जहां उनके आगमन पर श्रद्धालुओं और नगरवासियों में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। झांसीघाट पहुंचकर गुरुदेव ने मां नर्मदा जी का पूजन-अर्चन किया, मां को चुनरी अर्पित की तथा समस्त समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इस दौरान घाट पर वातावरण हर-हर नर्मदे और गुरुदेव की जय के जयघोष से गूंज उठा। मां मेकलसुता ग्रुप के सभी सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी ने गुरुदेव से स्नेहपूर्वक भेंट की और उनका आशीर्वचन प्राप्त किया। गुरुदेव ने भी सदस्यों को धर्म, संस्कृति और सेवा की भावना के साथ समाज में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति हैं और उनके संरक्षण तथा पूजन का महत्व अनंत है। इस अवसर पर नगर के अनेक श्रद्धालु, भक्तगण और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने इसे एक ऐतिहासिक और सौभाग्यशाली अवसर बताया।

सभी ने यह अनुभव किया

सभी ने यह अनुभव किया कि गुरुदेव के आगमन से पूरा नगर आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया है। मां मेकलसुता ग्रुप के अध्यक्ष ने आशुतोष दुबे कहा कि यह उनके लिए गौरव का क्षण है कि जगतगुरु शंकराचार्य जी महाराज स्वयं झांसीघाट पधारे और मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर नगरवासियों को धर्म व संस्कृति के प्रति प्रेरणा प्रदान की। ग्रुप के सभी सदस्यों की उपस्थित रही जिसमें आकाश उमरे तरुण दुबे तारीख खान अर्पित गोटिया हिमांशु राठौर विवेक जैन अशोक प्रजापति अभिषेक पटेल रूपम विश्वकर्मा भाइयों वैष्णव आकाश पटेल रवि पटेल बृजेंद्र पटेल सौरभ दुबे आदर्श सेन सिद्धांत शुक्ला राहुल मिश्रा अर्जुन श्रीपाल सुभाष प्रजापति कैलाश रजक कालिदास दुबे तथा सभी सदस्य उपस्थित रहे।

नगर में पार्किंग और गंदगी की समस्याओं से लेकर लोग परेशान

गाडरवारा। हर स्थानों पर विकास हो रहा है फिर भी आज भी शहर नियोजित विकास के लिए तरस रहा है,समस्याओं का निराकरण हर जगह खानापूर्ति से ज्यादा कुछ नही होता है, यूं तो निरंतर विकास की ओर अग्रसर इस शहर में कुछ समस्याएं अब स्थायी हो गई है, क्षेत्र का विकास तो गया लेकिन यहां की समस्या कब समाप्त होगी हमेशा यही प्रश्न सामने आता है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर में पार्किंग की समस्या विकराल रूप लेकर सामने दिखाई पड़ रही है क्योंकि लोगों के जहां मन चाहे वही वाहन खड़ा कर आराम से गप्पे हांकतें दिखाई देतें है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो शहर में बड़ती वाहनों की संख्या के साथ अब पार्किंग की समस्या पैदा होने लगी है, बाजार हो या आम रास्ता जहां जगह मिले वही वाहन खडें कर दिये जातें है, बेतरतीब ढंग से खड़े रहतें वाहन यातायात को भी प्रभावित करतें है, शहर के विकास में पार्किग सुविधा को महत्व नही देने से यह समस्या बड़तें जा रही है। वही दूसरी ओर यदि नगर के एक मात्र बस बस स्टैंड की बात की जावे तो जो यात्री के लिए बना हुआ है, यदि वहां पर देखा जावे तो उसका स्वरूप ही बदल गया यह एक व्यावसायिक केन्द्र बन कर रह गया है जहां यात्रियों को सुविधा की बजाए ढेरों मुसीबतों से जूझना पडता है, यहां यात्रीयों को सुविधाओं के लिए पीने का पानी, अच्छी बैठक व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्थाओं की कमी सदा ही देखने मिलती ही है।

मकान बेचना है

भगत सिंह वार्ड, टेलिफोन कॉलोनी, बाहरी रोड, कंदेली, नरहसिंहपुर, पूर्व मुखी पुराना (40×80) क्षेत्र मे स्थित शीघ्र बेचना है।

सपर्क करे 9425981479